an>

Title: Need to construct a bridge on river.

श्री अजय निषाद (मुज़फ़्फरपुर): माननीय अध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र मुजफ्फरपुर (बिहार) से दरभंगा जाने वाली 4 लेन राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मझौली-चरौट सीतामढ़ी पर राष्ट्रीय राजमार्ग 527 सी का निर्माण 2015-2016 में ई.पी.सी. मोड के तहत होने जा रहा है। ...(व्यवधान) इसी राजमार्ग पर कटरा प्रखंड अन्तर्गत बोकची के पास बागमती नदी पर सड़क पुल का निरमाण कराना अति आवश्यक है।...(व्यवधान) कटरा प्रखंड में कुल 22 पंचायत हैं जिसमें से 14 नदी के दूसरी तरफ हैं जो प्रखंड से जुड़े नहीं हैं। आज भी प्रखंड आने-जाने के लिए लोग बांस से बने चचरी पुल का उपयोग करते हैं जो काफी जोखिम भरा होता है। मेरे द्वारा सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत चयनित कटरा प्रखंड का यजुआर पश्चिम पंचायत भी इसी इलाके में है जो प्रखंड एवं जिला मुख्यालय से आज भी जुड़ा नहीं है।

अत: सदन के माध्यम से मेरा माननीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री से अनुरोध है कि बिहार के तीन जिलों मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी एवं दरभंगा के विकास को गति प्रदान करने के मद्देनजर 527 सी राष्ट्रीय राजमार्ग में कटरा प्रखंड अन्तर्गत बोकची के नजदीक बागमती नदी पर उक्त पुल का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल - अनुपस्थित।